तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री


4 ग्राम पंचायत गोविंदपुर में गहराया पेयजल संकट





B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065


## कॉलेज भूमि पर कांग्रेस-भाजपा अब आमने-सामने

# एसपी कार्यालय निर्माण को लेकर सियासत गरमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के कॉलेज परिसर के समीप प्रस्तावित एसपी कार्यालय निर्माण को लेकर राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। अब जहां कांग्रेस ने इसका कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए छात्रों को पूरा समर्थन दिया है, वहीं भाजपा ने इसे राजनीति से प्रेरित बयानबाजी करने का आरोप कांग्रेसियों पर लगाया है।

2 सितंबर को प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव ने कहा कि कॉलेज का यह क्षेत्र शैक्षणिक गतिविधियों के लिए सुरक्षित है। आने वाले समय में कॉलेज के विस्तार में भूमि की कमी सबसे बड़ी बाधा बनेगी। उन्होंने कहा कि यदि छात्र इस मामले को लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री या न्यायालय तक जाते हैं तो वे भी उनके साथ खड़े रहेंगे। वहीं दूसरी ओर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने बयान जारी कर कहा कि प्रदेश सरकार ने जिले के संपूर्ण विकास का मैप तैयार किया है। कांग्रेस का विरोध राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के स्थानांतरण के बाद महाविद्यालय की भूमि में वृद्धि होगी और शिक्षा व्यवस्था प्रभावित नहीं होगी। इस विवाद के चलते अब कॉलेज परिसर भूमि पर एसपी कार्यालय निर्माण केवल प्रशासनिक मुद्दा नहीं रहा, बल्कि राजनीतिक टकराव का बड़ा केन्द्र बन गया है। आने वाले दिनों में इसका असर छात्र राजनीति और जिले की सियासत दोनों पर पड़ना तय माना जा रहा है।



संबंधित भूमि जहां होना है एसपी कार्यालय निर्माण।

### डीईओ कार्यालय होगा अन्यत्र स्थापित



एसपी कार्यालय के भूमिपूजन को लेकर कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिले के संपूर्ण विकास का खाका तैयार किया है। ऐसे में जिला प्रशासन और विधायक भईयालाल राजवाड़े द्वारा किए गए स्थल चयन का कांग्रेस द्वारा विरोध करना राजनीति से प्रेरित है। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने स्पष्ट किया कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अन्यत्र स्थापित होते ही महाविद्यालय की भूमि में वृद्धि हो जाएगी। इसलिए किसी भी तरह की चिंता की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सभी को जिला मुख्यालय के सम्पूर्ण विकास के लिए एकमत होकर कार्य करना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने महाविद्यालय परिवार को आश्वस्त किया कि शिक्षा के हितों के संरक्षण और विकास के लिए प्रदेश सरकार, स्थानीय विधायक एवं सभी जनप्रतिनिधियों की भूमिका सकारात्मक रहेगी।

### भाजयुमो ने की नए एसपी कार्यालय निर्माण की मांग



भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा। इसमें जिला मुख्यालय में नवीन एसपी कार्यालय के लिए आवंटित भूमि पर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि पीजी कॉलेज के समीप जो जगह एसपी कार्यालय के लिए आवंटित की गई है, वहीं सबसे उपयुक्त है। कार्यकर्ताओं ने अपेक्षा जताई कि प्रशासन जल्द कदम उठाकर भवन निर्माण कार्य प्रारंभ कराएगा, जिससे पुलिस व्यवस्था और मजबूत होगी।

### हेचरी की जगह बना दिया जाए एसपी ऑफिसः अंबिका



प्रेसवार्ता को संबोधित करतीं पूर्व विधायक।

शहर में मंगलवार को नए एसपी कार्यालय के निर्माण को लेकर पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव ने होटल रामसेतू में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हेचरी की जगह एसपी कार्यालय को बना दिया जाना चाहिए, क्योंकि वर्तमान में वहां हेचरी संचालित नहीं हो रही है और उसे बाहर शिफ्ट करने की बात कही जा रही है। प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक श्रीमती सिंहदेव ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी छात्रों को अपना पूरा समर्थन देने की घोषणा की। पूर्व विधायक श्रीमती सिंहदेव ने कहा कि जिस स्थान को एसपी ऑफिस के लिए चुना गया है, वह कॉलेज का शैक्षणिक क्षेत्र हैं। आने वाले समय में कॉलेज के विस्तार के लिए भूमि की कमी सबसे बड़ी बाधा बनेगी, ऐसे में प्रशासनिक भवनों के लिए शैक्षणिक भूमि का उपयोग शिक्षा व्यवस्था और शहर के सुनियोजित विकास के खिलाफ है। उन्होंने याद दिलाया कि विधायक रहते समय जिला अस्पताल के लिए भी इसी भूमि का प्रस्ताव आया था, लेकिन उन्होंने इसे अनुपयुक्त मानते हुए अस्पताल का निर्माण कंचनपुर में कराया। भले ही एक वर्ष की देरी हुई, लेकिन आज वह क्षेत्र मेडिकल हब के रूप में विकसित हो रहा है। हमारा उद्देश्य था कि बैकुंठपुर का यह इलाका शिक्षा का प्रमुख केन्द्र बने उन्होंने कहा। पूर्व विधायक ने सवाल उठाया कि जब कॉलेज में कक्षाएं नियमित रूप से संचालित हो रही हैं, तो भवन तोड़कर एसपी ऑफिस बनाने का औचित्य क्या है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि छात्र इस मामले को लेकर राज्यपाल, मुख्यमंत्री या न्यायालय तक जाने का निर्णय लेते हैं, तो वे भी उनके साथ खड़े रहेंगे। प्रेसवार्ता में युवा कांग्रेस नेता राजीव गुप्ता ने कहा कि तहसील कार्यालय के आदेश से वर्षों पहले यह भूमि कॉलेज को स्थानांतरित की गई थी, बावजूद इसके प्रशासन द्वारा इसे दरकिनार करना पूरी तरह गलत है। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, वरिष्ठ नेता मुख्तार अहमद, विकास श्रीवास्तव, नपा उपाध्यक्ष आशीष यादव, भूपेन्द्र सिंह, धीरज सिंह, सुशील गुप्ता, मोनू मांझी, मनीष भी उपस्थित रहे।

# जादू-टोना के शक में महिला की हत्या



गिरफ्तार आरोपी।

- आरोपी के बच्ची की कुछ माह पहले हुई थी मौत

बैकुंठपुर। जादू-टोना के शक में महिला की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम जामपारा का है। पुलिस को मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि गांव के खेत में एक महिला का शव पड़ा है।

सूचना पर पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे के निर्देश पर एएसपी पंकज पटेल, एसडीओपी राजेश साहू और थाना प्रभारी विपिन लकड़ा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पता चला कि गांव का ही प्रकाश राजवाड़े मृतिका परवतिया बाई पर जादू-टोना करने का शक करता था। आरोपी की बच्ची की कुछ माह पूर्व मृत्यु हो गई थी, जिस पर वह मृतिका को जिम्मेदार मानता था। 2 सितंबर की सुबह जैसे ही परवतिया बाई शौच से लौट रही थी, आरोपी ने गड़ासा से उसकी गर्दन पर कई वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपी गांव से बाहर एक नर्सरी में छिपा हुआ था, जिसे घेराबंदी कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हत्या में प्रयुक्त गड़ासा भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी प्रकाश राजवाड़े को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। कार्रवाई में एसआई अलंगो कुमार दास, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश राजवाड़े, आरक्षक कमलेश और दिनेश उइके का विशेष योगदान रहा।

### एक और महिला की संदिग्ध मौत, जांच की मांग



मृतिका।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तलवापारा में एक महिला की संदिग्ध मौत को लेकर जांच की मांग की जा रही है।

जानकारी के अनुसार तलवापारा की घटना में परिजन और ग्रामीणों ने 22 वर्षीय महिला पार्वती साहू की मौत को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि मौत स्वाभाविक नहीं बल्कि साजिश के तहत की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच टीम गठित कर दी है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### ढोल ग्यारस पर्व पर स्थानीय अवकाश घोषित

बैकुण्ठपुर। कलेक्टर ने आंशिक संशोधन करते हुए 1 अक्टूबर को दशहरा (महानवमी) पर्व के उपलक्ष्य में पूर्व घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 3 सितंबर को ढोल ग्यारस (करमा) पर्व के दिवस पर स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। शेष आदेश यथावत रहेगा।

### जनपद पंचायत सभाकक्ष में कार्यशाला कल

बैकुण्ठपुर। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने जानकारी दी है कि रजत जयंती के अवसर पर विभागीय कार्यक्रमों की रूपरेखा अंतर्गत वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को इन्वेस्ट सरगुजा अंतर्गत कोरिया अंचल में निवेश की संभावना पर कार्यशाला का आयोजन 4 सितंबर को स्थान-जनपद पंचायत सभाकक्ष बैकुंठपुर में समय 11 बजे से आयोजित किया गया है।

### बैंकों में हो रहा री केवाईसी

बैकुण्ठपुर। अग्रणी बैंक के एलडीएम एसबी पाठक ने बताया कि जिले में वित्तीय समावेशन के अंतर्गत 1 सितंबर से सभी बैंकों द्वारा संतृप्ति शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा रीकेवाईसी का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से 15 जून से धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत कार्य संचालित किया जा रहा है। अब तक प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 724 नए खाते खोले गए हैं, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 2643 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 3728 नए हितग्राही जुड़े हैं। साथ ही 4163 पुराने खातों का रीकेवाईसी किया गया है।

### रेट लिस्ट नहीं, दुकान संचालक को नोटिस



बैकुण्ठपुर। खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले उर्वरक समय पर एवं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने की पारदर्शी व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी कलेक्टर कोरिया के निर्देश पर समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में निजी खाद दुकानों एवं गोदामों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसीक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सोनहत एसके आर्या की टीम ने बीते दिनों सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम कटगोड़ी में संचालित गुप्ता ट्रेडर्स के गोदाम में औचक निरीक्षण किया गया, यहां निरीक्षण टीम ने पाया कि संचालक ने रेट लिस्ट चस्पा नहीं किया गया था, इस पर दुकान संचालक को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा गया है। निर्धारित समय-सीमा में जवाब नहीं मिलने व संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की बात कही गई है।

# चरचा में चोर बेखौफ

## लगातार बढ़ रही चोरी की वारदात





चरचा कॉलरी। कोयलांचल क्षेत्र इन दिनों चोरी और अपराध की घटनाओं से जूझ रहा है। नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 8 में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं। घरों के ताले तोड़े जा रहे हैं, वहीं साइकिल और मोटरसाइकिल आसानी से चोरों के निशाने पर आ रहे हैं।

सोमवार की शाम वार्ड क्रमांक 8 स्थित स्टाफ कॉलोनी से अज्ञात चोर दो से तीन साइकिलें चुरा ले गए, इससे पहले इसी वार्ड में सुनील वर्गिस के घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी है, जिसका आज तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। अगस्त माह में तो एक घर का ताला तोड़कर लाखों रूपए नगद और गहनों की बड़ी चोरी हुई थी। हालांकि पुलिस ने उस मामले में अंततः कुछ चोरों को गिरफ्तार किया, लेकिन बावजूद इसके चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरी की वारदातों के पीछे नशे का फैलता कारोबार सबसे बड़ी वजह है। शराब, गांजा, कोरेक्स और इंजेक्शन जैसे नशीले पदार्थ खुलेआम बिक रहे हैं, इनकी चपेट में आकर युवा वर्ग अपराध की ओर बढ़ रहा है। वार्डवासियों का आरोप है कि पुलिस की कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित है न तो नियमित गश्त हो रही है और न ही नशे के कारोबार पर अंकुश लग रहा है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे आए दिन घटनाओं को अंजाम देकर बेखौफ घूम रहे हैं, जबकि पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। लोगों का कहना है कि शाम ढलते ही वार्ड में दहशत का माहौल हो जाता है और लोग घर से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं। कई पीड़ितों ने थाने के चक्कर काटे, लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिल पाया। वार्डवासियों की मांग है कि पुलिस चोरी और नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए तत्काल कड़े कदम उठाए।

### आवेदनों को समय-सीमा पर करें निराकरण

मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में 2 सितंबर को कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए।

# घर के पीछे बाड़ी के कुएं से बुजुर्ग का शव बरामद



अनूपपुर। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

बीते 31 अगस्त को फरियादी गुड्डी रजक पति भैयालाल उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम सकरिया के द्वारा दोपहर में कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने पति से पिछले कई वर्षों से अलग जैतहरी में रहती है और मोजरबियर के कैंटीन में खाना बनाने का काम करती है, भैयालाल रजक से कोई संतान नहीं होने से छोटी बहन मुन्नी रजक का विवाह भी भैयालाल रजक से करा दिया गया था, जिससे दो संताने हैं। बीते रविवार को सुबह से भैयालाल रजक का मोबाइल फोन बंद बताने से जैतहरी से आकर ग्राम सकरिया में निर्माणाधीन मकान में तलाश किया गया, नहीं मिलने पर आस -पास खोजबीन की गई इसके बाद घर के पीछे बाड़ी में बने कुएं जाकर देखा तो शव पानी में तैरता हुआ दिखाई दिया। रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस मर्ग क्रमांक 71/25 धारा 194 बीएनएसएस पंजीबद्ध किया गया। मौके पर जांच एक्सपर्ट टीम


⏭ शेष पेज 4 पर




### जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम

बैकुंठपुर। जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण और उनके समग्र विकास के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान के जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रमुख अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला सदस्य राजेश साहू, जनपद सीईओ, सरपंच बंधन सिंह, उदयभान पांडे एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# पूर्व विधायक कमरो ने सामूहिक कन्या विवाह योजना में लगाया अनियमितता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



- उच्च स्तरीय जांच की मांग

भरतपुर-सोनहत क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने सामूहिक कन्या विवाह योजना में भारी वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मुख्य सचिव, सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग तथा कलेक्टर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को शिकायत पत्र प्रेषित किया है।

पूर्व विधायक ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि वर्ष 2024-25 में आयोजित सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में लगभग 21 लाख रूपए की राशि का नियम विरूद्ध व्यय किया गया। इस दौरान तत्कालीन जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी शुभम बंसल पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि बंसल ने चयन समिति की स्वीकृति के बिना सामग्री खरीदी और सीधे भुगतान किया। एक ही स्थान पर आयोजित विवाह कार्यक्रम में टेंट और कैटरिंग के नाम पर अलग-अलग परियोजनाओं से लाखों रूपए का भुगतान। कैटरिंग और टेंट सप्लायर को बिना जीएसटी नंबर और संदिग्ध बिलों के आधार पर भुगतान। एक ही फर्म को तीन अलग-अलग परियोजनाओं के नाम पर चेक जारी कर भुगतान। कैटरिंग बिल में 500-600 उपस्थित लोगों के बजाए लगभग 2000 लोगों का खर्च दर्शाया गया।

स्थानीय स्तर पर सामग्री उपलब्ध होने के बावजूद सूरजपुर और सरगुजा जिले से फर्मों को काम सौंपा गया। गुलाब कमरो ने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई हो।

## पशु पालक नहीं देते हैं ध्यान, प्रशासन की तमाम कोशिश फेल

# सड़क पर विचरण करते हैं आवारा मवेशी, बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




सड़क पर बैठे मवेशी।

सड़कों पर आवारा पशुओं के रोकथाम के लिए कई प्रयास किए जाने के बाद भी सड़कों पर पशु स्वच्छंद विचरण करते रहते हैं। सुबह से लेकर रात तक शहर की मुख्य मार्ग की सड़कों पर पशुओं को स्वच्छंद विचरण करते देखा जा सकता हैं। प्रशासन द्वारा सड़कों पर पशुओं के विचरण को रोकने के तमाम कोशिशे फेल नजर आ रही है।

इस कारण वाहन चालकों को सड़क पर पशुओं के कारण वाहन चलाने में परेशानी होने के साथ ही दुर्घटना होने की संभावना बराबर बनी रहती है। शहरी क्षेत्र बैकुंठपुर में नपा द्वारा सड़क से पशुओं को हटाने के लिए टीम बनाई गई है। टीम अपना कार्य कर भी रही है, बावजूद इसके शहर क्षेत्र की सड़कों पर भी स्वच्छंद पशुओं को विचरण करते एवं सड़कों पर खडे या बैठे हुए आसानी से देखा जा सकता है। इस तरह की समस्या सुबह होने से लेकर रात होने तक बनी रहती है, इसके अलावा शहरी क्षेत्र से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़क पर पशुओं को खुलेआम सड़क पर देखा जा सकता है। इस समस्या के चलते जहां सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को दिक्कतों के साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, वहीं पशु भी घायल हो जाते हैं। आए दिन किसी न किसी क्षेत्र में पशु दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। सुरक्षित सड़क यातायात में सड़क पर पशुओं की मौजूदगी बाधा डालती है। सावधानी हटी तो वाहन चालक दुर्घटना का शिकार होंगे ही, वहीं पशु भी घायल हो जाते हैं।

शहर क्षेत्र बैकुंठपुर एवं इससे लगे ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशु सड़क सुरक्षा के लिए खतरा बन गए हैं। सड़कों पर पशु का जमावाड़ा शाम ढलने पर तो सबसे ज्यादा दिखाई देते हैं, लेकिन दिन में भी सड़क पर पशुओं की मौजूदगी


⏭ शेष पेज 4 पर


### शाम ढलते सड़क पर जमावाड़ा

दिन में तो सड़क पर पशुओं की आवाजाही होती रहती है तो कही पर खडे एवं बैठे दिखाई दे देंगे, लेकिन शाम होने के बाद सबसे ज्यादा परेशानी सड़कों पर पशुओं की टोली बैठे रहने के कारण होती है। जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र से लगे तलवापारा, छिन्दडॉड़ में शाम ढलने के बाद पशुओं का डेरा सड़क पर दिखाई देता है, इसके अलावा शहर क्षेत्र में भी कई जगहों पर पशु शाम ढलने के बाद सड़क पर ही बैठ जाते हैं, इससे आवागमन बाधित होता है।

# आज धूमधाम से मनाया जाएगा करमा त्यौहार

बैकुण्ठपुर। प्रकृति पूजा का पर्व करमा 3 सितंबर को जिले के ग्रामीण अंचलों में उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व फसलों के समृद्धि का भी प्रतीक है, जिसे ग्रामीण अंचल में विशेष उल्लास के साथ मनाया जाता है।

इस अवसर पर कई घरों में करम डार गाडकर एवं जवारा बोकर विधि -विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। इस पर्व को लेकर गांव-गांव में लोगों में उत्साह रहता है। विधि पूर्वक करम देव की पूजा करने के साथ कथा भी सुनी जाती है। वहीं पर्व की खुशी में गांव-गांव ग्रामीण महिला-पुरूषों के द्वारा मांदर की थाप पर करमा नृत्य करते हैं। हालांकि अब पूर्व के वर्षो की भॉंति करमा पर्व का उत्साह ज्यादा देखने को नहीं मिलता, लेकिन आज भी गांव में करमा त्यौहार उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस पर्व पर लोगों के घरों में विभिन्न तरह के पकवान भी बनाए जाते हैं और पर्व की खुशियां बांटते हैं।

### अवकाश का आदेश जारी

करमा पर्व को देखते हुए अपर कलेक्टर द्वारा 3 सितंबर को स्थानीय अवकाश का आदेश एक दिन पूर्व 2 सितंबर को जारी किया। आदेश में बताया कि पूर्व में घोषित अवकाश के स्थान पर 3 सितंबर बुधवार को करमा पर्व पर कोरिया जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया। जारी आदेश में उल्लेख किय गया है कि यह अवकाश कोषालय एवं बैंकों के लिए लागू नहीं होगा।

## खबर संक्षेप



### गणेश विसर्जन में अश्लील गानों पर रोक लगाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**सोनगरा।** गणेश विसर्जन के दौरान डीजे में अश्लील गानों पर रोक लगाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता शशि रंजन सिंह ने कलेक्टर एवं एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता शशि रंजन सिंह ने बताया है कि गणेशोत्सव के अंतिम चरण गणेश विसर्जन के दौरान विभिन्न समिति द्वारा झांकी के साथ रैली निकाली जाती है। पिछले कुछ वर्षों में विसर्जन जुलूसों में तेज डीजे, फिल्मी और अश्लील गाने बजाए जाने की प्रवृत्ति देखने को मिली है, जो कि पूरी तरह गलत है। इससे न सिर्फ धार्मिक माहौल दूषित होता है, बल्कि समाज में गलत संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश की आराधना भक्ति भाव से की जानी चाहिए और विसर्जन यात्रा में सिर्फ भजन, स्तुति, चौपाई और पारंपरिक धार्मिक गीत ही बजना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गणेश विसर्जन के दौरान कड़ी निगरानी रखी जाए और यदि किसी समिति या व्यक्ति द्वारा नियमों का उल्लंघन कर अश्लील गाने बजाते हैं तो उन पर तत्काल कार्रवाई की जाए। इस दौरान विकेश जायसवाल, राजेश सिंह मोनू, अमित सिंह, प्रकाश गुप्ता एवं हिंदू संगठन के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बिना पिट पास परिवहन पर पकड़े गए तीन हाइवा



**राजपुर।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देश पर राजपुर में खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजपुर देवेंद्र प्रधान के नेतृत्व में बरियो नायब तहसीलदार नरेंद्र कँवर और पुलिस टीम ने संयुक्त बगैर पिट पास के परिवहन करते हैं तीन हाईवा को पकड़ा गया है। बरियो नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर ने बताया कि सोमवार की राजस्व एवं पुलिस की टीम ने सिधमा रोड में दो हाइवा और बरियो पुलिस चौकी के सामने मुख्य मार्ग एक हाइवा को पकड़ा गया है। वाहनों में खनिज परिवहन बिना पिट पास के किया जा रहा था। पूछताछ में तीनों हाईवा चालक कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर पाए ऐसे में वाहनों को जब्त कर चौकी में खड़ा कराया गया है।

### चंगाई के नाम पर धर्म परिवर्तन करने वाले पर प्रशासन ने की कार्रवाई



**कुसमी।** विकासखंड के इदरी में ईश्वरीय लाल खलखो द्वारा इरनियुष बिरजिया के घर में पहुंच कर बिना किसी अनुमति के रविवार को चंगाई के नाम पर धर्म परिवर्तन करा रहा था। घटना की जानकारी लगते ही युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री भाजपा अंकुश सिंह सहित हिंदू युवा कार्यकर्ताओं द्वारा मौके पर पहुंच कर प्रशासन को जानकारी दी। सूचना मिलते ही एसडीएम करुण डहरिया, एसडीओपी इमानुएल लकड़ा सहित सामरी पुलिस बल मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी। क्षेत्र के लोगों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम करुण डहरिया ने बताया कि सूचना मिलते ही प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। इस प्रकार की सभा करने कोई अनुमति नहीं ली गई थी, इस मामले में सामरी पुलिस द्वारा जांच करने उपरांत उचित कार्रवाई की जा रही है।

### सोनी को आरटीआई पीआईएल एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर अवार्ड



**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता व अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को आरटीआई पीआईएल एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया है। उन्हें यह अवार्ड पंजाब के राज्यपाल के हाथों मिला है। बता दें कि आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ डीके सोनी द्वारा हमेशा न्याय में देरी, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य किए जाते रहे हैं। तथा कई जनहित याचिका के माध्यम से भी जनहित के कार्यों को करते हैं। डॉ. सोनी आम जन के लिए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और शीघ्र न्याय प्रदान करने हेतु अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से हमेशा जमीनी स्तर पर एवं आरटीआई के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक सफल और निर्णायक कानूनी लड़ाई भी लड़ते रहते हैं।

## तेज बुखार के साथ शरीर में बन रही गांठें

# पालतू मवेशियों में तेजी से बढ़ रहा लंपी वायरस का संक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में लम्पी वायरस का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है तथा वायरस से न केवल शहर बल्कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के पालतू मवेशी तेजी से संक्रमित हो रहे हैं। जिस तेजी से मवेशियों में संक्रमण बढ़ रहा है जल्द संक्रमण रोकने की पहल नहीं की गई तो पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**खास बात**

- आवारा मवेशियों से फैल रहा वायरस

दो साल के अंतराल के बार एक बार सरगुजा में लंपी वायरस का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि यह वायरस संक्रमित पशुओं के संपर्क में आने से फैलता है। संक्रमण किस इलाके के पशुओं के माध्यम से पहुंचा इसकी जानकारी तो अभी तक नहीं मिल पाई है लेकिन माना जा रहा है कि दूसरे राज्य के मवेशियों के माध्यम से वायरस की सरगुजा में एन्ट्री हुई होगी। एक पखवाड़े पूर्व से शहर की सड़कों पर घूमने वाले पशुओं में संक्रमण देखा गया था। अब न केवल शहर बल्कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मवेशियों के संक्रमित होने की लगातार सूचनाएं मिल रही है। संक्रमित मवेशियों के शरीर में दाने निकल रहे हैं तथा जगह-जगह गांठें बन जा रही हैं। संक्रमित मवेशियों को तेज बुखार हो जा रहा है जिसके कारण मवेशी चारा-पानी छोड़कर निढाल हो जा रहे हैं। संक्रमा से दूसरे मवेशी प्रभावित न हों इसका एकमात्र उपाय टीकाकरण है। पशुपालन विभाग के अधिकारी संक्रमण की रोकथाम के लिए हर औषधालय को एंटी लंपी वायरस टीका उपलब्ध कराने एवं रोकथाम के लिए पशु चिकित्सकों को स्वस्थ मवेशियों का टीकाकरण करने के निर्देश जारी करने का दावा कर रहे हैं लेकिन अभी कहीं भी टीकाकरण प्रारंभ नहीं किया गया है। पशुपालकों का कहना है कि संक्रमित मवेशियों के शरीर में बनी गांठों के फटने पर घाव में कीड़े विकसित हो जा रहे हैं तथा मवेशियों का लम्बा उपचार करना पड़ रहा है। संक्रमित मवेशी चारा-पानी ना बंद कर दे रहे हैं जिससे काफी कमजोर हो जा रहे हैं। दुधारू मवेशियों ने संक्रमित होने के बाद दूध देना बंद कर दिया है पशुपालकों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ रहा है। मवेशियों का दूध बंद होने से पशुपालकों की आय बंद हो गई है वहीं संक्रमित मवेशियों के इलाज पर उन्हें भारी भरकम खर्च करना पड़ रहा है।



लंपी वायरस से ग्रस्त गाय।

### जिले में 4 हजार पालतू मवेशी

पशु चिकित्सा विभाग के अनुसार सरगुजा में 4 हजार पालतू मवेशी हैं जिनके संक्रमित होने का खतर है। पशुचिकित्सा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि संक्रमण की रोकथाम के लिए विभाग के पास 1 लाख 5 हजार टीका उपलब्ध हैं। आवश्यकता के अनुसार जिले के सभी पशु औषधालयों को टीका उपलब्ध करा दिया गया है। दूसरी तरफ जानकारों का कहना है कि संक्रमण की रोकथाम के लिए शीघ्रतापूर्वक आधे पशुओं का टीकाकरण करना जरूरी है। संक्रमित मवेशियों को टीका नहीं लगाया जाता। उपचार उपरांत उनके स्वस्थ होने पर टीका लगाया जाता है। संक्रमण की रोकथाम के लिए संक्रमित मवेशियों को अलग रखना भी जरूरी है। पशुपालकों की असावधानी के कारण भी संक्रमण फैल रहा है।

### दो साल पहले बनी थी खतरनाक स्थिति

दो साल पूर्व सरगुजा में लंपी वायरस की एन्ट्री बहुत ही खतरनाक तरीके से हुई थी, दूसरे राज्यों के पशुओं के माध्यम से संक्रमण का फैलाव शुरू हुआ था पूरे संभाग भर के मवेशियों को प्रभावित किया था। तब विभाग के पास टीका भी उपलब्ध नहीं था जिसके कारण हाजारों मवेशी संक्रमित हो गए थे तथा पशुपालकों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी थी। अधिकारी विभाग के पास पर्याप्त टीका उपलब्ध होने का दावा कर रहे हैं।

### किया जा रहा टीकाकरण

विभाग के पास लंपी वायरस की रोकथाम के लिए पर्याप्त 1.05 लाख टीका उपलब्ध है। जिले के सभी औषधालयों को टीका उपलब्ध करा दिया गया है तथा तत्काल पशुओं का टीकाकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

-आरपी शुक्ला
प्रभारी उप संचालक, पशु चिकित्सा विभाग

## कुम्दा रेलवे साइडिंग से ओवर हेड तार चोरी मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

करीब एक माह पूर्व कुमदा साइडिंग में लगे रेलवे के उपस्कर ओवर हेड तार चोरी मामले में शामिल दो आरोपियों को आरपीएफ अंबिकापुर की टीम ने पकड़कर दोनों के खिलाफ 3 एआर पीयूपी एक्ट की कार्रवाई कर रेलवे के स्पेशल कोर्ट बिलासपुर में पेश किया गया,जहां दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।रेल पुलिस बल अंबिकापुर थाना प्रभारी सुनीता मिंज ने बताया कि गत तीन जुलाई को कुमदा साइडिंग के लिए बिछी रेल लाइन के ऊपर लगे बेशकीमती ओवर हेड तार को अज्ञात चोरों के द्वारा रात्रि में काट दिए जाने की सूचना पर आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और आस पास तलाशी अभियान चलाया तो कुछ दूरी पर कटा तार लगभग चालीस मीटर पड़ा मिला जिसे आरपीएफ ने जप्त कर उक्त मामले में आरोपियों की पता तलाश के लिए आरपीएफ की टीम लगातार जुटी हुई थी।इस दौरान एसईसीएल के खदानों में कई बार केबल चोरी की वारदात में शामिल आदतन कबाड़ केबल चोर संतोष सिंह उर्फ गुड मार्निंग पिता ललन सिंह 22 वर्ष और कमलेश पिता सुखलाल सिंह 23 वर्ष दोनों निवासी कुमदा बस्ती को पकड़ कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों ने मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।रेलवे पुलिस की इस धरपकड़ में अगस्त माह में एसईसीएल के कुमदा 7-8 खदान के बूम बैरियर से एसी चोरी के मामला भी खुलासा हो गया एसी चोरी मामले में शामिल दो आरोपियों से जरूरी पूछताछ के बाद आरपीएफ ने दोनों को बिश्रामपुर पुलिस को सौंप दिया है,आरपीएफ की इस कार्यवाही में अंबिकापुर रेल थाना प्रभारी सुनीता मिंज और उनकी टीम सक्रिय रही।

- आरपीएफ ने दोनों आरोपियों को विशेष अदालत बिलासपुर किया पेश,भेजे गये जेल

### घंटो इंतजार के बाद जनदर्शन से निराश लौटे ग्रामीण

**भैयाथान।** कलेक्टर द्वारा दो माह पूर्व अनुविभागीय राजस्व कार्यालय में जनदर्शन आयोजित करने निर्देशित किया गया था, लेकिन अनुविभागीय कार्यालय का जनदर्शन अधिकारी-कर्मचारी की अनुपस्थिति में मजाक बन कर रह गया है। सोमवार को एसडीएम कार्यालय में दोपहर 12 से 2 बजे तक लगने वाले जनदर्शन में 1.30 बजे तक कोई भी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित नहीं थे। एसडीएम कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही से यह व्यवस्था मजाक बनकर रह गई है। निर्धारित समय पर न तो एसडीएम और न ही अन्य कर्मचारी कार्यालय में मौजूद रहते हैं। हालात यह है कि दूर-दराज से अपनी फरियाद लेकर आने वाले लोगों द्वारा घंटों इंतजार करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हो पाती तथा वे मायूस होकर लौट जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब अधिकारी-कर्मचारी ही अपनी जिम्मेदारी निभाने को तैयार नहीं हैं, तो जनदर्शन जैसी व्यवस्था का औचित्य ही नहीं है। यह शासन की मंशा और जनता की उम्मीदों के साथ धोखा है।

इस संबंध में कलेक्टर एस जयवर्धन ने बताया कि एसडीएम किसी मामले की जांच को लेकर ओडगी बिहारपुर गई है। नायब तहसीलदार को जनदर्शन आयोजित कराने के लिए कहा गया था। जनदर्शन आयोजित नहीं हुई है तो जांच करवाऊंगा।

## जर्जर सड़कों और खस्ताहाल स्थिति को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर की जर्जर सड़क और ननि की कार्यशैली को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को मोर्चा खोल दिया। जिला कांग्रेस कमेटी ने शहर के जयस्तंभ चौक पर आम सभा के बाद रैली निकाली गई। रैली उपरान्त मुख्यमंत्री के नाम विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया और सड़क मरम्मत व बारिश थमते ही डामरीकरण की मांग की गई।

- धरना प्रदर्शन के बाद निकाली रैली, सीएम ने नाम सौंपा ज्ञापन, ननि सरकार पर साधा निशाना

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा कि नगर निगम की महापौर अपनी अक्षमता छिपाने के लिए नए नए बहाने बनाती हैं। हकीकत यह है कि कमीशनखोरी के फेर में तीन बार टेंडर रद्द किए गए। यह सरकार वोट चोरी से बनी है इसलिए इन्हें भरोसा है कि जनहित का काम करें या न करें, चुनाव में चोरी से जीत ही जाएंगे। लेकिन जनता सब जानती है समय आने पर जवाब देगी। पूर्व सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कुछ दिन पहले खरसिया नाका में हमने आंदोलन किया था तब अधिकारियों ने तीन दिन में सड़क बनाने का वादा किया था। आज हम फिर से शासन को मोहलत दे रहे हैं। लेकिन आखिरी बार।अगर सड़कें नहीं बनी तो कांग्रेस का अगला आंदोलन और भी बड़ा होगा। पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि शहर की समस्या सिर्फ सड़क और सफाई तक सीमित नहीं है। किसान समितियों से खाद नहीं मिलने के कारण परेशान हैं। यह सरकार किसानों की भी विरोधी है। इसके अलावा, निगम चुनाव का मतदान केन्द्रवार अधिकृत परिणाम अब तक घोषित नहीं हुआ है। यह लोकतंत्र के साथ मज़ाक है और जनता को अंधेरे में रखने की साजिश है। सभा को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, नुरुल अमीन सिद्दीकी, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा सोनी, इरफान सिद्दीकी, रशीद अंसारी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रमोद चौधरी, विकल झा, रजनीश सिंह, नितीश चौरसिया, सतीश बारी, निक्की खान, आतिफ रजा, शुभम जायसवाल, मिथुन सिंह, बनाफर सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश गुप्ता और आभार प्रदर्शन लवकेश पासवान ने किया। इस अवसर पर विनय शर्मा, मो इस्लाम, राम विनय सिंह, मदन जायसवाल, हेमंत तिवारी, संजीव मंदिलवार, अशफाक अली, मेराज रंगरेज, शंकर प्रजापति, चन्द्र प्रकाश सिंह, जीबन यादव, इंद्रजीत सिंह धंजल, बाबर इदरीसी, रियाजुल, दिनेश शर्मा, अनिल सिंह, विष्णु सिंह देव, आलोक सिंह, विकास केसरी, प्रीति सिंह, रश्मि सोनी, आरती महंत, जावेद खान, परवेज आलम, सिप्पू सिंह आदि मौजूद थे।



### सड़क पर चलना जान जोखिम में डालने जैसा : शफी

ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा सड़को की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि गड्ढों से भरी सड़क पर चलना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। भाजपा के जनप्रतिनिधि जनता की तकलीफों से बेपरवाह हैं। जनता ने पार्षद से लेकर सांसद तक भाजपा को बहुमत दिया लेकिन बदले में आपको मिला क्या सिर्फ उपेक्षा। मुख्यमंत्री ने निगम की सड़कों के डामरीकरण के लिए 20 करोड़ रुपए देने की घोषणा की थी। जनता ने उस पर भरोसा किया और भाजपा को निगम में बड़ा जनमत दिया मगर आज तक एक गड्ढा भी नहीं भरा गया। नेता प्रतिपक्ष के नाते मैंने निगम में आश्रय योजना में जमा 2 करोड़ रुपये से सड़क मरम्मत का सुझाव दिया था। सांसद निधि, विधायक निधि, मेयर निधि और पार्षद निधि से थोड़ी-थोड़ी राशि दे दी जाती तो भी हालात सुधर सकते थे। लेकिन यहां तो किसी को जनता की चिंता ही नहीं। सामान्य सभा की बैठक तक नहीं हो रही है, जबकि नियम है कि हर दो महीने में बैठक अनिवार्य है। इससे साफ है कि भाजपा के लोग जनता के सवालों से भाग रहे हैं।

## मेरा रेशम मेरा अभिमान के तहत किसानों को दी गई विभिन्न जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

केन्द्रीय रेशम बोर्ड एवं छत्तीसगढ़ शासन के रेशम विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 28 से 30 अगस्त तक जिले में मेरा रेशम मेरा अभिमान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य रेशम उद्योग में उत्पादकता और लाभप्रदता को बढ़ाना है, जिससे किसान वैज्ञानिक पद्धतियों और उन्नत तकनीकों को अपनाएं और एक अधिक लचीला एवं टिकाऊ रेशम उत्पादन तंत्र विकसित किया जा सके।

अभियान अंतर्गत जिले के तीन गांवों में दो जागरूकता कार्यक्रम और एक फील्ड डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया गया। 28 अगस्त को ग्राम मंगरी में सील कृमि पालन तकनीकों पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें उन्नत शहतूत किस्में, उच्च उपज देने वाली सील कृमि नस्लें, आधुनिक पालन तकनीक, कीट एवं रोग नियंत्रण उपाय, चॉकी पालन की अवधारणा और बेहतर कोकून उत्पादन तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई। 29 अगस्त को लक्ष्मणगढ़ में शहतूत की खेती एवं प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को चॉकी उद्यान के महत्व, पौधों की उचित दूरी, मिट्टी परीक्षण के आधार पर उर्वरक के प्रयोग, पत्तियों की कटाई और उनके संरक्षण की वैज्ञानिक विधियों के बारे में बताया गया। 30 अगस्त को लमगांव में शहतूत तकनीकों पर एक फील्ड डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया गया, जिससे रोग मुक्त वातावरण में सील कृमि पालन के लिए नवीन वैज्ञानिक विधियों एवं तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया गया।

### मारपीट मामले में चार वर्षों से फरार चल रहा स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** मारपीट व जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में चार वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम कैलाशपुर निवासी ऋषि उर्फ सहेंद्र पिता कवलसाय के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में चार वर्षों से फरार रहने पर सुरजपुर न्यायालय द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था जिस पर फरार वारंटी ऋषि उर्फ सहेंद्र को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया गया है।उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक दीपक दुबे, आरक्षक शुभकार पांडेय सक्रिय रहे।





## जगराता में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**करवां।** सिद्धिविनायक सार्वजनिक गणेश पूजन आयोजन समिति के तत्वाधान में बीती रात जगराता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान वर्ष में एक बार ही नहीं अपितु अपने अपने घरों पर करते रहना चाहिए। पूजा पाठ से मन पवित्र होता है। क्षेत्र में इस प्रकार की धार्मिक अनुष्ठान व्यस्त जीवन में हमें सामाजिक समरसता और एक दूसरे से मिलने जुलने का अवसर प्राप्त होता है। हम सभी को हिंदू सभ्यता के अनुसार प्रत्येक दिन अपने घरों में भी पूजा पाठ करना चाहिए। जिससे हम जीवन में विपरीत परिस्थितियों में भी ईश्वरीय कृपा से सफल होते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना की। श्री सिद्धिविनायक सार्वजनिक गणेश पूजन आयोजन समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय गणेश पूजन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। बीती रात अंजली यादव एवं ग्रुप द्वारा जगराता कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जगराता कार्यक्रम में ग्रुप के गायकों द्वारा भगवान गणेश एवं देवी जस गीत गाकर पूरी रात समा बांधे रहा। जस गीतों पर उपस्थित महिलाएं पुरुष झूमते नजर आए। आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि के समक्ष स्टेज निर्माण एवं सौंदर्यीकरण हेतु मांग रखा गया, जिस पर मुख्य अतिथि ठाकुर राजवाड़े ने सहयोग राशि के रूप में दस हजार रुपए राशि प्रदान कर परिसर में मंच निर्माण हेतु जल्द ही सकारात्मक आश्वासन दिया। इस दौरान जिपं सदस्य किरण सिंह केराम, सरपंच निरुपा सिंह, संजू सिंह टेकाम, अमर साय राजवाड़े, श्रीराम कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, महेश कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाहा, दुर्गा साहू, समिति के अध्यक्ष प्रज्ञा कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, सुशील कुशवाहा, विकास कुशवाहा, अजय साहू, नीरज, जतिन, संजोग, नीरज, वैभव, गौरव, आयुष, किशन व अन्य उपस्थित रहे।

## ट्रक मालिक की फांसी, डीजीएमएस ने सब एरिया मैनेजर को किया तलब

**बिश्रामपुर।** रविवार की सुबह तड़के आमगांव खदान परिसर में खड़ी ट्रक में फंदे से लटककर ट्रक मालिक मनोज जाट द्वारा आत्महत्या कर लेने की घटना के बाद डीजीएमएस ने आमगांव सब एरिया मैनेजर विजय कुमार को रायगढ़ तलब कर स्पष्टीकरण माँगा है,प्राप्त जानकारी अनुसार आमगांव आत्महत्या घटना पश्चात सब एरिया मैनेजर आमगांव विजय कुमार अपने वाहन से रायगढ़ डीजीएमएस रिजनल कार्यालय रिपोर्ट करने सोमवार की सुबह निकले हैं,गौरतलब है कि आमगांव फांसी मामले में खदान मैनेजर व बूम बैरियर क्लर्क की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है,बता दें कि रविवार की सुबह तड़के जांजगीर निवासी मनोज जाट नामक ट्रक मालिक ने काफी प्रताड़ना सहने के बाद आखिरकार अपनी जिंदगी से थक हारकर गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली,प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक मनोज के फांसी लगाने के मुख्य कारण पारिवारीक हादसा,गाड़ी की किश्तों का टूटना और खदान प्रबंधन द्वारा कोयला लोडिंग के लिए लम्बे समय तक प्रताड़ति करना मुख्य वजह बताया जा रहा है,मनोज जाट ने अपने आप को चारों तरफ से प्रताड़ति होता देख, दुःखी होकर व अपनी जिंदगी से तंग आकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली,फिलहाल रामानुजनगर पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### गाड़ी को किया गया था शॉर्ट टाइम स्टेप ब्लॉक दो हफ्ते तक नहीं करने दी गई कोल लोडिंग

प्राप्त जानकारी अनुसार खदान मैनेजर गणेश कुम्हार द्वारा मृतक की गाड़ी को शॉर्ट टाइम स्टेप ब्लॉक किया गया था,बता दें कि स्टेप ब्लॉक मात्र 48 घंटों के लिए गाड़ी चालकों के अनुशासनात्मक दृष्टि के लिए किया जाता है जिससे गाड़ी चालक कोई कार्य में लापरवाही ना करें,लेकिन मनोज जाट वाले मामले में करीब दो हफ्ते तक ट्रक को स्टेप ब्लॉक में ही रखा गया, इतनी लम्बी अवधि तक ट्रक को स्टेप ब्लॉक में रखना ही संदिग्ध प्रतीत होता है,प्राप्त जानकारी अनुसार बूम बैरियर के क्लर्क द्वारा मनोज जाट से स्टेप ब्लॉक खुलवाने के नाम पर लगातार पैसों की मांग की जा रही थी,पैसों की व्यवस्था नहीं हो पाने से मनोज की गाड़ी करीब दो हफ्ते तक कोल लोडिंग नहीं ले पाई एवं परिसर में ही खड़ी रही,इसके अलावा गाड़ी की किश्त टूट जाने से भी रिकवरी एजेंट मनोज जाट को फ़ोन पर गाड़ी खिंच ले जाने की बात कहकर धमकाते थे, उक्त मामले में आमगांव खदान मैनेजर गणेश कुम्हार से फोन पर बातचीत करने पर उनके द्वारा इस मामले में अभी कुछ भी कहने से मना कर दिया गया है।

## ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर 46 चालकों के लाइसेंस निलंबित



**सूरजपुर।** परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। विभाग द्वारा अब तक कुल 78 प्रकरणों में ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की अनुशंसा जिला परिवहन कार्यालय को प्राप्त हुई है। शराब पीकर वाहन चलाना, तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक ड्राइविंग, मालवाहक वाहनों में सवारी ढोना, सिग्नल जंप करना सहित मोटरयान अधिनियम की अन्य धाराओं का उल्लंघन शामिल है। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 46 लाइसेंस धारकों के ड्राइविंग लाइसेंस को तीन-तीन माह के लिए निलंबित किया गया है। 8 प्रकरणों को संबंधित परिवहन कार्यालयों में अग्रेषित कर दिया गया है। शेष 24 प्रकरणों में चालकों को स्पष्टीकरण हेतु नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि संबंधित वाहन चालक निर्धारित तिथि तक संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की अंतिम कार्यवाही की जाएगी।



# शाहरुख-रानी ने कुछ कुछ होता है का मोमेंट किया रीक्रिएट

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान ने रानी मुखर्जी के साथ डांस करते हुए एक खूबसूरत वीडियो पोस्ट किया है, जिसे देखकर फैंस नॉस्टाल्जिक हो रहे हैं। उन्होंने फिल्म 'कुछ कुछ होता है' का मोमेंट रीक्रिएट किया, जिसे नेटिजेंस देखते रह गए. वे टीना और राहुल के मोमेंट को जीते दिखे। दोनों सितारे, आर्यन खान की वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड के गाने पर थिरक रहे हैं। जाहिर है कि शाहरुख खान अपने डांस वीडियो के जरिये बेटे आर्यन खान की सीरीज का प्रमोशन कर रहे हैं। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा, 'नेशनल अवॉर्ड, हम दोनों की अधूरी ख्वाहिश पूरी हो गई. शुभकामनाएं रानी, आप क्वीन हो. आपको हमेशा प्यार करता रहूंगा।' दोनों नेशनल अवॉर्ड विनर्स के इस री-यूनियन को देख कई फैंस भावुक हो गए।

लाइफ Style

# रुक्मिणी

## टॉक्सिक और ड्रैगन में भी आएंगी नजर

कन्नड़ सिनेमा की बेहद हसीन एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत के सितारे इन दिनों 9वें आसमान पर हैं। 28 साल की इस हसीना ने छह साल पहले 2019 में एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। अब ऐसा लग रहा है कि वह साउथ सिनेमा की सबसे बड़ी सुपरस्टार बनने की तैयारी में हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

पिछले दिनों ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' में उनकी एंट्री ने सुर्खियां बटोरी थीं, वहीं अब प्रोड्यूसर एनवी प्रसाद ने खुलासा किया है कि रुक्मिणी यश स्टारर 'टॉक्सिक' और प्रशांत नील-जूनियर एनटीआर की फिल्म 'ड्रैगन' में भी लीड रोल में नजर आएंगी। खास बात यह है कि रुक्मिणी इन दिनों एआर मुरुगदॉस के साथ अपनी फिल्म 'मधरासी' के प्रमोशन में भी जुटी हुई हैं। एनवी प्रसाद ने यह घोषणा शिवकार्तिकेयन और रुक्मिणी स्टाररर तमिल फिल्म 'मधरासी' के प्रमोशन इवेंट में की है। उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस को प्रशांत नील के डायरेक्शन में बन रही जूनियर एनटीआर स्टारर एक्शन ड्रामा 'ड्रैगन' और गीतू मोहनदास निर्देशित 'टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' में भी कास्ट किया गया है। रुक्मिणी वसंत का नाम पिछले कुछ समय से 'एनटीआर-नील' प्रोजेक्ट को लेकर लगातार चर्चा में था। सोशल मीडिया पर इसको लेकर तमाम तरह की रिपोर्ट आ रही थी। हालांकि, निर्माताओं ने इससे पहले कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की थी। यकीनन अगला साल 2026 रुक्मिणी वसंत के लिए बेहद खास होने वाला है। साल 2019 में अपने कॅरियर की शुरुआत करने वाली रुक्मिणी वसंत 10 दिसंबर 1996 को बेंगलुरु में पैदा हुई हैं। उनकी डेब्यू फिल्म 'बिरबल' थी, जिसमें वह एमजी श्रीनिवास के साथ नजर आईं।



## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर में निभा रहे धालसिम का किरदार

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अब अभिनेता ने अपनी हॉलीवुड फिल्म स्ट्रीट फाइटर के कलाकारों के साथ कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में विद्युत सहकलाकारों के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। विद्युत जामवाल फिल्म में धालसिम का किरदार निभा रहे हैं। यह एक आग उगलने वाला आध्यात्मिक योगी का किरदार है, जिसे गेमर्स बहुत पसंद करते हैं। यह किरदार 1991 में रिलीज हुई स्ट्रीट फाइटर 2 के आखिरी दृश्य के दौरान पेश किया गया था।




# इंडियन वेडिंग में अचानक पहुंच गए जस्टिन बीबर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप म्यूजिक सेंसेशन जस्टिन बीबर हाल ही में एक इंडियन वेडिंग में सभी को सरप्राइज देने के लिए पहुंच गए। लॉस एंजिल्स में हुई इस शादी में बीबर बिना किसी को बताए वहां पहुंच गए और दुल्हन को ऐसा सरप्राइज दिया कि सोशल मीडिया पर उनकी चर्चा होने लगी। इस दौरान के वीडियो क्लिप्स और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें जस्टिन बीबर को दुल्हन और उसकी सहेलियों के बीच पोज देते हुए देखा जा सकता है। जैसे ही वेडिंग सेरेमनी में जस्टिन पहुंचे, दुल्हन खुशी से झूम उठी। उनके चेहरे पर मुस्कान और फैन्स के रिएक्शन ने यह साबित कर दिया कि बीबर की मौजूदगी ने इस शादी को हमेशा के लिए खास बना दिया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दुल्हन ने मजाकिया अंदाज में लिखा- 'अब इसके बाद मैं शादी नहीं कर पाऊंगी।' दुल्हन के इस मजेदार रिएक्शन के बाद सोशल मीडिया पर भी इस पर कई रिएक्शन्स सामने आए।



# मनोज और रामगोपाल लगाएंगे हॉरर-कॉमेडी का तड़का

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की सत्या फिल्म तो आपको याद ही होगी। राम गोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म को बॉलीवुड की कल्ट फिल्म माना जाता है। अब लगभग तीन दशक के बाद एक बार फिर मनोज बाजपेयी और राम गोपाल वर्मा की जोड़ी एक साथ आ रही है। हालांकि, इस बार दोनों की फिल्म का जॉनर एकदम अलग है। लंबे वक्त के बाद मनोज बाजपेयी और राम गोपाल वर्मा एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए फिर से एक साथ वापस आ रहे हैं। इस फिल्म का नाम 'पुलिस स्टेशन में भूत' है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा अब अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा भी जुड़ गई हैं। अब फैंस इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। पुलिस स्टेशन में भूत की शूटिंग शुरू हो चुकी है और पहला शेड्यूल भी पूरा हो गया है। फिल्म में हॉरर और कॉमेडी के साथ राम गोपाल वर्मा का कहानी कहने का अलग ढंग इसे और भी खास बनाता है।



# तृप्ति ने शाहिद के साथ किया स्पेन की सड़कों पर सफर

**मुंबई।** शाहिद कपूर ने अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अभी इस फिल्म के टाइटल का ऐलान नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसका टाइटल रोमियो हो सकता है। शाहिद कपूर ने स्पेन में भी इस फिल्म की शूटिंग की है। इस दौरान उन्होंने तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी के साथ सफर किया है। यह वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर अविनाश तिवारी ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी स्पेन की सड़कों पर स्पोर्ट्स कार से सफर कर रहे हैं। शाहिद और अविनाश स्पेन की सड़कों पर तेजी से कार चला रहे हैं। रोड किनारे के दृश्य बहुत बेहतरीन हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी अपने बाल सवांरते नजर आ रही हैं। हाल ही में शाहिद कपूर ने भी सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी थी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 में इन 5 कंटेस्टेंट्स पर लटकी बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** सलमान खान के चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस 19 का दूसरा हफ्ता शुरू होते ही माहौल और गरमा गया है। इस हफ्ते नॉमिनेशन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और घर से बाहर होने की दौड़ में पांच बड़े नाम आ गए हैं। यही नहीं, वीकेंड का वार एपिसोड भी जबरदस्त ड्रामा और टकराव से भरा रहा। भले ही इस हफ्ते कोई घर से बेघर नहीं हुआ हो, लेकिन अगले हफ्ते पांच लोगों पर नॉमिनेशन की तलवार लटक रही है। 'बिग बॉस तक' के मुताबिक इस हफ्ते जिन कंटेस्टेंट्स को घर से बाहर जाने का खतरा मंडरा रहा है, उनके नाम इस तरह हैं-मृदुल तिवारी, आवेज दरबार, कुनिका सदानंद, तान्या मित्तल, अमाल मलिक। ये पांचों कंटेस्टेंट्स फिलहाल दर्शकों के वोट पर निर्भर हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि किसका सफर यहां खत्म होता है और किसे फैंस का साथ मिलता है। घर के पहले कैप्टन के तौर पर चुनी गईं अभिनेत्री कुनिका सदानंद को अब अपने ही साथी घरवालों के विरोध का सामना करना पड़ा। बिग बॉस के मेकर्स की ओर से जारी किए गए प्रोमो में दिखाया गया कि ज्यादातर सदस्यों ने उनकी कैप्टेंसी को खारिज कर दिया।

# अनुपमा सीरियल से होगी देविका की छुट्टी!

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। रुपाली गांगुली और अद्रिजा रॉय स्टारर टीवी सीरियल के अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि अनुपमा और देविका इतने वक्त बाद मिले होंगे तो वो देर रात तक साथ बैठकर बातें करते रहेंगे। राही और अनुज के अलावा भी तमाम मुद्दों पर बातें हो रही होंगी। इसी बीच अंश आ जाएगा और कहेगा कि मुझे ऐसा लग रहा है कि दो सहेलियां कॉलेज की कैन्टीन में बैठकर बातें कर रही हों। इस पर देविका अंश और बाकी लोगों को बताएगी कि कैसे अनुपमा आज से नहीं, बल्कि कॉलेज के दिनों से डांस रानी रही है। अनुपमा और देविका साथ में डांस करेंगी और बाकी लोग भी एन्जॉय करेंगे। रात ढलेगी और सभी सोने चले जाएंगे, लेकिन अनुपमा और देविका साथ बैठी बातें करती रहेंगी। बातों-बातों में देविका हंसते-हंसते भावुक हो जाएगी और उसकी आंखों में आंसू आ जाएंगे। अनुपमा और देविका एक दूसरे के गले लग जाएंगे। अनुपमा अपनी दोस्त से भावुक होने की वजह पूछेगी। इस पर देविका उसके गले लगी रहेगी और कहेगी कि पहले ठीक से गले लग जाने दे यार, पता नहीं फिर यह मौका मिले ना मिले।



# आराध्या के साथ गणपति दर्शन के लिए पहुंची ऐश्वर्या

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार इन दिनों गणेश चतुर्थी के जश्न में डूबे हुए हैं। हाल ही में ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई में जीएसबी गणपति समारोह में शामिल हुईं। दोनों की कई तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। ऐश्वर्या इन दिनों अक्सर अपनी बेटी के साथ नजर आती हैं, चाहे कोई खुशी का मौका हो या फिर कोई कार्यक्रम। एक वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या के साथ गणेशोत्सव पंडाल में भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने पहुंची। मां-बेटी की इस जोड़ी ने मुस्कुराते हुए फैंस का अभिवादन किया और पंडाल में प्रवेश करने से पहले कुछ सेल्फी लेने के लिए रुकीं। उन्हें देख कर उनके फैंस काफी खुश हुए। ऐश्वर्या राय सफेद ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, जिसके साथ उन्होंने लाल लिपस्टिक और छोटी सी बिंदी लगाई थी। आराध्या पीले कुर्ते में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। आराध्या ने बहुत ही शालीनता के साथ पंडाल में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। दोनों ने पंडाल में हाथ जोड़कर तस्वीरें भी खिंचवाईं। हालांकि, दोनों के साथ अभिषेक बच्चन समारोह में शामिल नहीं हुए। खबरों के मुताबिक ऐश्वर्या नियमित रूप से भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के लिए जीएसबी गणपति समारोह में शामिल होती हैं।



# ढोल-नगाड़ों के साथ बप्पा को किया विदा

**मुंबई।** गणपति बप्पा के स्वागत से लेकर विदाई तक का हर क्षण बॉलीवुड के सितारों के लिए भी बेहद खास होता है। इस बार भी भाईजान सलमान खान ने अपनी फैमिली संग धूमधाम से गणपति विसर्जन किया। हर साल की तरह इस बार भी उनकी छोटी बहन अर्पिता खान शर्मा ने बप्पा को अपने घर पर विराजित किया और पूरे खान परिवार ने मिलकर बप्पा के स्वागत और विदाई की रस्में निभाई। अब सलमान ने इस दौरान का एक नया वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो अपने परिवार के साथ बप्पा को विदा करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान सलमान खूब मस्ती कर रहे हैं। उन्हें डांस करते हुए भी देखा जा रहा है। वीडियो के कैप्शन में अभिनेता ने लिखा है- गणपति बप्पा मोरया। विसर्जन के दौरान जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। हल्की बारिश के बावजूद खान फैमिली के चेहरे पर खुशियां साफ झलक रही थीं। इस दौरान सलमान ने अपनी भांजी आयत को गोद में उठाया और जमकर मस्ती की। इस जश्न में अर्पिता के पति आयुष शर्मा भी शामिल रहे, जिन्होंने बप्पा की मूर्ति को विसर्जन के लिए लेकर गए। खान फैमिली के युवा सदस्य भी पीछे नहीं रहे। सलमान की भतीजी अलीजेह अग्निहोत्री, भतीजे अरहान, निर्वाण और अयान अग्निहोत्री ने बप्पा को नाचते-गाते हुए विदा किया।



## मनोरंजन के शौकीनों के लिए है इस बार कुछ दिलचस्प

# इस सप्ताह ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्म-सीरीज

एजेंसी ⏭ मुंबई

सिनेमाघरों में इन दिनों वॉर 2, कुली और परम सुंदरी सजी हुई हैं। मगर, ओटीटी का दर्शकों के बीच अलग क्रेज है। हर नए सप्ताह मनोरंजन के शौकीनों का सवाल होता है कि ओटीटी पर इस बार क्या खास आ रहा है? इस बार काफी कुछ दिलचस्प है। पिछले दिनों थिएटर में दस्तक दे चुकीं कुछ फिल्में इस हफ्ते रिलीज हो रही हैं, तो कुछ नई फिल्में भी दर्शकों के बीच पहुंच रही हैं।

### वेडनेसडे सीजन 2

हॉरर सीरीज वेडनेसडे सीजन 2 का पहला पार्ट अगस्त में रिलीज हुआ था। इस सीरीज में कुल छह एपिसोड हैं। अब इस सीरीज का दूसरा पार्ट इस हफ्ते रिलीज हो रहा है। वेडनेसडे सीजन 2 का पार्ट 2 नेटफ्लिक्स पर 3 सितंबर से स्ट्रीम होगा। इसमें दो एपिसोड होंगे।

### आंखों की गुस्ताखियां

विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म आंखों की गुस्ताखियां सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज होने वाली है। यह फिल्म जुलाई में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। शनाया की यह डेब्यू फिल्म है। अब 5 सितंबर से इसे ओटीटी पर देखा जा सकता है। यह फिल्म जी5 पर स्ट्रीम होगी।





### द पेपर'-'टास्क

इसके अलावा अमेरिकी वेब सीरीज द पेपर भी इस वीक रिलीज होगी। यह जियो हॉटस्टार पर 5 सितंबर से स्ट्रीम होगी। इस सीरीज को ग्रेग डेनियल और माइकल कोमन ने बनाया है। अमेरिकन एक्टर मार्क रुफ्फालो की क्राइम ड्रामा टास्क भी इस हफ्ते की लिस्ट में है। यह 7 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।



### मालिक

राजकुमार राव अभिनीत फिल्म मालिक भी इस वीक ओटीटी पर आ रही है। यह एक क्राइम-थ्रिलर फिल्म है, जो 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 5 सितंबर से यह फिल्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। राजकुमार राव के अलावा फिल्म में मानुषी छिल्लर लीड रोल में हैं।

### इंस्पेक्टर झेंडे

मनोज बाजपेयी और जिम सर्भ अभिनीत फिल्म इंस्पेक्टर झेंडे भी इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देगी। यह फिल्म 5 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगी। फिल्म में मनोज बाजपेयी पुलिस वाले के किरदार में नजर आएंगे। वे मधुकर बापूराव झेंडे के रोल में होंगे, जो फरार किलर (जिम सर्भ) को पकड़ने निकलते हैं।

### जूनियर

साउथ फिल्म जूनियर भी इस वीक रिलीज होने वाली है। कीर्ति रेड्डी और श्रीलीला अभिनीत यह फिल्म 5 सितंबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि इस फिल्म में जेनेलिया देशमुख भी हैं।

## जगह-जगह विराजे भगवान गणेश...


हर्रापारा वार्ड क्रमांक 1 में विराजे भगवान श्रीगणेश।


टीचर कालोनी डोमनहिल में विराजे भगवान गणेश।


चक्की दफाई डोमनहिल में विराजे भगवान गणेश।



वानर सेना डोमनहिल में विराजे भगवान गणेश।


भैरव दल कमेटी डोमनहिल में विराजे भगवानगणेश।


मनेन्द्रगढ़ में प्रसिद्धि कला मंच गणेश पूजा समिति।

## खबर संक्षेप

### मेमू की चपेट में आने से युवक की मौत



**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-शहडोल मेमू ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम रामनगर निवासी 35 वर्षीय केश्वर सिंह पिता राम सिंह सोमवार की शाम कुमदा बस्ती रेलवे पोल नंबर 1017/9 के पास अंबिकापुर-शहडोल मेमू ट्रेन की चपेट में आ गया,युवक के सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई है,सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच विवेचना शुरू कर दी है।

### खेतों में हरियाली के बीच कांस के फूल खिले



**बैकुण्ठपुर।** खेतों में हरियाली के बीच कांस के फूल खिल गए जिसका सुंदर नजारा आकर्षित करता है,वहीं कांस फूल को लेकर गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीराम चरित मानस में उक्त पंक्तियां लिखी है जो कांस फूलों के सौंदर्य के साथ वर्षा की विदाई का संकेत देते हैं।

### कोतमा में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर सम्मेलन



**अनूपपुर।** नगर के अग्रसेन भवन में रविवार को एक राष्ट, एक चुनाव विषयक राष्ट्र व्यापी विचार एवं परामर्श सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रोहित आर्य उपस्थित रहे। सम्मेलन का संयोजन प्रदेश सरकार के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा किया गया।

### महिलाओं को मिला सशक्तिकरण का संदेश

**मनेन्द्रगढ़।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में ग्राम पंचायत पिपरिया में मिशन व्यक्ति (हब) के विशेष जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को केन्द्र और राज्य सरकार की महिला केन्द्रित योजनाओं, नीतियों तथा अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनके कौशल एवं क्षमता निर्माण के लिए प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा मिशन शक्ति-हब द्वारा प्रभावी ढंग से किया गया।

### सोलर पंप टंकी फटी, महीनों से खराब सोलर पंप

# ग्राम पंचायत गोविंदपुर में गहराया पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम पंचायत गोविंदपुर के लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पंचायत के सोसायटी पारा स्थित टंकी फटने तथा पीपर पारा में सोलर पंप के खराब होने से क्षेत्र के लोगों को पेयजल की समस्या तो है ही वही सोसायटी पारा स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र आने वाले मरीजों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हैरानी की बात तो है कि टंकी फटने तथा सोलर पंप खराब हुए माह भर से अधिक हो गए लेकिन आज तक मरम्मत नही हो सकी। ऐसे में लोग हैंडपंप व कुआं के पानी से निस्तारण करने को मजबूर है।

**खास बात**

- उप स्वास्थ्य केन्द्र के मरीजों की बढ़ी परेशानी

ग्राम पंचायत गोविंदपुर सोसायटी पारा स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र के समीप हैंडपंप में सोलर पंप लगाया गया है और पानी टंकी से उप स्वास्थ्य केन्द्र सहित मोहल्ले के लोग पानी का उपयोग पेयजल के लिए करते है। कुछ दिनों पूर्व ही सोलर पंप की पानी टंकी फट गई जिससे पेयजल की सप्लाई ठप हो गई है। ऐसे में उप स्वास्थ्य केन्द्र आने वाली प्रसूताओं को पानी के लिए तरसना पड़ता है। इधर मोहल्लेवासी भी पेयजल के लिए दर दर भटकने को मजबूर है। स्थिति इतनी खराब है कि इलाज कराने आए मरीजों को पानी तक नसीब नहीं होता। यही नहीं पंचायत के पीपल पारा का सोलर पंप भी पिछले छह महीनों से खराब पड़ा है जिससे क्षेत्र के ग्रामीण भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या से जूझ रहे थे अब ग्रामीणों को बरसात के मौसम में भी पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हैंडपंप में सोलर पंप लगाया गया है परंतु सोलर पंप भी लंबे समय से खराब है जिससे हैंडपंप अनुपयोगी हो गया है। ऐसे में क्षेत्र के लोग कुआं या दूसरे पंचायत स्थित हैंडपंप से लंबी दूरी तय कर पानी पीने को मजबूर है। हैरानी की बात यह है कि ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया परंतु उन्हें केवल आश्वासन ही मिला और आज तक शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सकी।


खराब पम्प व क्षतिग्रस्त पानी टंकी।

**संक्रमण का खतरा**

ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या थी वहीं सोलर पंप के खराब होने पर समस्या ज्यों की त्यों बरकरार है। बरसात के मौसम में कुएं और बोरिंग का पानी पीने योग्य नहीं होता बावजूद इसके पानी से पेयजल सहित निस्तारण के लिए उपयोग करते है। जबकि पानी दूषित होता है और पानी को बिना उबाले पीने से डायरिया, पीलिया सहित अन्य बीमारी फैलने का भी खतरा होता है। सोलर पंप खराब होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**आंदोलन करने की चेतावनी**

युवा कांग्रेस प्रदेश सह संयोजक राम सुम सुंदर मरकाम ने कहा कि ग्राम पंचायत गोविंदपुर में पेयजल की समस्या गर्मी से है लेकिन आज तक न तो उप स्वास्थ्य केन्द्र समीप फटे पानी टंकी को बदला गया और न हीं पीपरपारा स्थित खराब सोलर पंप की मरम्मत की गई। ऐसे में उप स्वास्थ्य केन्द्र आने वाले मरीजों के अलावा पंचायत क्षेत्र के लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। मरकाम ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शीघ्र ही ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से राहत नहीं मिली तो युवा कांग्रेस आंदोलन की राह अपनाएगी।



# लाख कोशिशों के बाद भी थम नहीं रहा रेत का अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

बगैर अनुमति के क्षेत्र की जीवनदायिनी मांड नदी से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन जारी है। प्रशासन के लाख कोशिशों के बाद भी रेत का अवैध कारोबार थमने का नाम नही ले रहा है। रेत माफिया नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बेखौफ होकर नदी से अवैध रेत खनन एवं परिवहन कर रहे है इसके साथ ही बड़े पैमाने पर रेत का भंडारण कर उसकी मोटी कीमतों में बिक्री की जा रही है। प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से हो रहे अवैध रेत खनन एवं परिवहन का ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए अधिकारियों से इस पर रोक लगाने की मांग की है।

- बारिश के दौरान आसमान छूने लगी रेत की कीमतें, बेखौफ हो रहा अवैध भंडारण

गौरतलब है कि बारिश थमते ही क्षेत्र की जीवनदायिनी मांड नदी से रेत खनन एवं परिवहन को लेकर रेत माफिया सक्रिय हो गए हैं। 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन और परिवहन पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी रेत माफिया मांड नदी से रेत खनन एवं परिवहन में युद्धस्तर पर जुट गए है। ताजा मामला ग्राम केशला भिठुवा नावापारा मंगरेलगढ़ स्थित मांड नदी से सामने आया है जहां रेत माफियाओं के शह पर दर्जनों ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत खनन एवं परिवहन में लगे हुए है। पूर्व में प्रशासन द्वारा दिखाई गई सख्ती के बाद रेत माफिया ठंडे पड़ गए थे। लगातार बारिश की वजह से भी रेत खनन एवं परिवहन थम गया था लेकिन बारिश रुकते ही माफिया फिर से मांड नदी में सक्रिय हो गए और फिर से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन युद्धस्तर पर जारी कर दिया ताकि ज्यादा मात्रा में रेत का भंडारण करते हुए बारिश के दौरान होने वाली किल्लत के दौरान भरपूर लाभ कमाया जा सके। हैरत की बात तो ये है कि ये सारा काम बिना पिट पास के क्षेत्र में विगत लंबे समय से चल रहा है। यह बात अधिकारियों के संज्ञान में होने के बाद भी इसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होना अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े करता है। मांड नदी से अवैध रेत खनन को लेकर मांड नदी के किनारे बसे लोग काफी आक्रोशित है।उन्होंने रेत खनन को नदी के अस्तित्व के लिए खतरा बताते हुए रोक लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अवैध रेत खनन से नदी का स्वरूप बदलने लगा है। जिसकी वजह से नदी में कटाव तेजी से बढ़ता जा रहा है।इसके अलावा नदी में हो रहे अंधाधुंध खनन से कई जानलेवा गड्ढे निर्मित हो गए है।

## मध्यान्ह भोजन के लिए रसोइयों को दिया गया प्रशिक्षण

**लखनपुर।** बच्चों को गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह भोजन प्रदान करने को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी निर्देश के तहत सोमवार को विकासखंड अंतर्गत मध्यान्ह भोजन योजना में कार्यरत रसोइयों का प्रशिक्षण बीईओ कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। प्रशिक्षण कार्यशाला में रसोइयों ने रुची के साथ उपस्थिति दर्ज कराई। प्रशिक्षण में सर्वप्रथम बीईओ देव कुमार गुप्ता एवं बीआरसी दीपेश पांडेय द्वारा मध्यान्ह भोजन बनाते समय किस प्रकार सावधानियां बरती जाए, किसी प्रकार की घटना घटित न हो एवं किचन की साफ सफाई, मसालों के रखरखाव, कुकर का इस्तेमाल करने के पूर्व अच्छे से साफ करने के बाद ही उपयोग करें इत्यादि जानकारी दी गई। विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने रसोइयों से कहा गया कि विद्यालय के बच्चो को अपना बच्चा समझ कर गरम एवं पौष्टिक भोजन खिलाएं जिससे बच्चो की उपस्थिति में वृद्धि हो।

## भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका पुतला

**अंबिकापुर।** बिहार के दरभंगा में कांग्रेस व यूपीए की सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्व. माता को अभद्र भाषा का प्रयोग कर गाली देने को लेकर सोमवार को भाजयुमो सरगुजा ने स्थानीय घड़ी चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा आरजेडी नेता तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया। इस अवसर पर भाजयुमो जिला महामंत्री अंशुल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए कांग्रेसियों द्वारा प्रयोग किए गए अपशब्द किसी भी स्थिति में क्षमा योग्य नहीं है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव ने अब तक इस घटना पर न तो खेद जताया न ही माफ़ी मांगी। भाजयुमो इस घटना की कड़ी निंदा करती है तथा कांग्रेस से सार्वजनिक माफ़ी की मांग करती है।




## कलेक्टर ने ली टीएल की बैठक

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभागीय अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनदर्शन व सीएम पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में हर हाल में सुनिश्चित हो।

कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण के पुराने मामलों का शीघ्र निपटारा और जाति व निवास प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर बल दिया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य पूरा कर पोर्टल में डाटा एंट्री करने का भी निर्देश दिया। साथ ही गणेश विसर्जन के लिए रूट चार्ट बनाने एवं समितियों के साथ बैठक करने व रास्तों की मरम्मत करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना एवं स्मार्ट मीटर लगाने की प्रगति का ऑकलन किया गया। साथ ही आधार कार्ड संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए 10 सितंबर को मानस भवन में कैंप लगाने का बात कही। मंगलवार को जनदर्शन में 36 आवेदनों का प्राप्त हुए जिसे संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए प्रेषित किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, ज्वाइन कलेक्टर अमित कुमार गुप्ता, एसडीएम बैकुंठपुर उमेश पटेल, सोनहत एसडीएम राकेश साहू, डिप्टी कलेक्टर दीपिका नेताम, अंकुश वर्मा सहित विभिन्न जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण के साथ धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक की तत्परता से चौकी फुनगा पुलिस तथा सिटी कोतवाली पुलिस के साथ संयुक्त रूप से कूपन द्वारा के माध्यम से ठगी करने वाले गिरोह पर कार्रवाई करने में सफलता प्राप्त हुई। फुनगा चौकी प्रभारी अनुराग अवस्थी ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 385/25 धारा-318(4) के तहत कूपन स्क्रेच कर सामान जीतने का लालच देकर गांव के लोगों के साथ ठगी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया गया।

फरियादी महेश प्रसाद साहू पिता स्व. गेदलाल साहू उम्र 45 वर्ष निवासी पतेरा टोला 30 अगस्त को आर्टिका वाहन क्रमांक सीजी 04 पीव्ही 0853 एवं बैगनआर वाहन क्रमांक यूपी 87 एस 0657 वाहन से पांच लोग आए एवं मेरे घर के सामने गाड़ी रोकी एवं आवाज लगाकर घर में आए तथा कूपन को स्क्रेच कर समग्री जीतने के संबंध में स्कीम समझाने लगे, जब मैंने परिचय पूछा तब उन्होंने बताया कि हम उप्र के रहने वाले हैं, हम सभी साथ मिलकर कूपन से संबंधित स्कीम चलाते हैं साथ ही उक्त लोगों के द्वारा गाड़ी में स्कीम से संबंधित रखा समान दिखाए। जिसमें गैस चूल्हा, इनडक्सन, टावर स्पीकर ,कूलर आदि थे और बोले जीतने पर यह समान आपको फ्री दिया जाएगा। इसी प्रकार अन्य कई तरह के झासे में आने वाले प्रलोभन देने लगे, इसी तरह की बातो में आकर मैंने भी एक कूपन 300 रूपए में खरीदा और उसको स्क्रेच किया तो उसमे टावर,कूलर मार्बल, चूल्हा, टावर डीजे, खुला मैने कूपन के मुताबिक उक्त समान मांगा तो मुझसे समान के बदले रूपए की मांग करने लगे, पांचों अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गिरोह बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कूट रचना एवं अर्थिक अपराध कर मेरे साथ छल एवं ठगी किया गया है। पुलिस द्वारा वाहन की तलाश की गई, गिरफ्तार सभी आरोपियों से उक्त स्कीम का सामान कूपन, घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त किया गया। सभी आरोपियों से वाहन क्र सीजी 04 पीवी 0853 अर्टिगा कार, यूपी 87 एस 0657 बैगनआर कार सहित स्कीम के अन्य सामान के साथ आरोपी नितिन कुमार , विपिन कुमार सिंह उम्र 28 वर्ष, गोपाल कुमार, नरोत्तम सिंह 22 वर्ष, मुरारी लाल बंजारा उम्र 33 वर्ष उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



## पृष्ठ 1 का शेष

### घर के पीछे बाड़ी ...

के एफएसएल मोबाइल यूनिट शहडोल के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. प्रदीप अहिरवार, फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ गिरजाशंकर गौतम एवं पुलिस डाग के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया जो होमागार्ड की एसडीईआरएफ टीम की मदद से शव को कुएं के पानी से निकाला गया, जो मृतक भैयालाल रजक पिता मोहन रजक उम्र करीब 62 वर्ष निवासी ग्राम सकरिया का शव जूट के बोरे और साड़ियों से लपटा हुआ मिला, जिसके सिर के पीछे चोट के निशान मिले। पुलिस द्वारा मृतक के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस द्वारा जब बारीकी से सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है, तो प्रथम दृष्टया जानकारी मिली कि मृतक की दो पत्नियां है, साथ ही मृतक के द्वारा हाल ही में ग्राम परसवार में अपनी पैतृक जमीन को भी बेंचा गया था,साथ ही ग्राम सकरिया में मकान का निर्माण भी कराया जा रहा था,जिसे लेकर पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### सड़क पर विचरण ...

सड़क पर पशुओं की मौजूदगी रहती है, जबकि दिन में सड़क पर यातायात का दबाव सबसे ज्यादा रहता है। हालत यह है कि दिन में भी शहर की मुख्य सड़कों के अलावा छिन्दडॉड़ तलवापारा क्षेत्र में भी पशुओं की भीड़ आसानी से देखी जा सकती है।

### कम ही गौवंशों ...

गौवंशों को सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए उनके गले में रेडियम पट्टी बांधने का कार्य बीते दिनों शुरू किया गया था,जो एक-दो दिन कुछ जगहों पर गौवंशों के गले में रेडियम पट्टी बांधी गई थी, यह कार्यक्रम लगातार कई दिनों तक चलना चाहिए था। खानापूर्ति तर्ज पर गौवंशों के गले में रेडियम पट्टी लगाने का कार्य किया गया, इसका असर यह देखने को मिल रहा है कि अब भी सड़क पर दिखाई देने वाले कई पशुओं के गले में रेडियम पट्टी नहीं दिखाई देती, जो सड़कों पर बैठे नजर आते हैं। यह पट्टी रात्रि में पशुओं को सड़क दुर्घटना से बचाने में मददगार साबित होते हैं।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कुसुमलता पति तोरेश्वर नारायण जाति विंझिया निवासी बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वारा ग्राम बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.न. 470/9 रकबा 0.0200 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त दर्शित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित कराना चाहती है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 14/09/2025 को 11.00 बजे तक आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 28/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

**सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला कोरिया**

## धूमधाम से मनाए गए एक साथ तीन त्यौहार

**मनेन्द्रगढ़।** वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण के द्वारा हसदेव इन में त्योहार सेलिब्रेशन कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और धूमधाम से आयोजित किया गया। इस आयोजन में कृष्ण जन्माष्टमी, तीज पोरा और गणेश चतुर्थी तीनों पर्वों का एक साथ उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न झांकियां प्रस्तुत की गई। इनमें कृष्ण जी की झांकी, शंकर-पार्वती की झांकी और गणेश जी की झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं।



मंच पर छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में भगवान श्रीकृष्ण, राधा, यशोदा माता, गणेश जी, शंकर-पार्वती आदि स्वरूप धारण कर सबका मन मोह लिया। नन्हे-मुन्नों की सुंदर प्रस्तुतियों को देखकर उपस्थित सभी अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मनोरंजन से जुड़े कई खेल भी आयोजित किए गए। इनमें क्लब की महिलाएं व सदस्य बढ़-चढ़कर शामिल हुए। इस आयोजन की प्रमुख संयोजक अनीता फरमानिया, पम्मी अरोड़ा और मधु जैन रहीं। वी क्लब अध्यक्ष बबीता अग्रवाल ने कहा कि हम हर त्यौहार का सेलिब्रेशन करते हैं। किसी भी समाज का पर्व क्यों न हो, वी क्लब समर्पण हमेशा उसे पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाता है। यही हमारी एकता और सौहार्द की पहचान है। इस अवसर पर संयोजक अनीता फरमानिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन हमें एक-दूसरे से जोड़ते हैं।

